# ठगी के शिकार को ₹9965 लौटाए

**बलरामपुर**। गैण्डास बुजुर्ग पुलिस की तत्परता और साइबर हेल्पडेस्क की प्रभावी कार्रवाई से साइबर ठगी के शिकार व्यक्ति को 3988 रुपये वापस मिल गए। धनराशि खाते में वापस आने पर पीड़ित के भाई ने पुलिस टीम के प्रति आभार जताते हुए सराहना की।

जानकारी के अनुसार 29 जून को पीड़ित के खाते से उसकी जानकारी के बिना 9965 रुपये कट गए थे। इसके बाद पीड़ित ने साइबर क्राइम पोर्टल पर शिकायत दर्ज कराई। शिकायत संख्या 33106260151703 के आधार पर गैण्डास बुजुर्ग थाने की साइबर हेल्पडेस्क ने तत्काल जांच शुरू की। पुलिस टीम ने संबंधित बैंक के नोडल अधिकारी से समन्वय स्थापित कर ठगी की रकम की जांच की प्रक्रिया पूरी कराई।